हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 10 मार्च 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 18. 0 डिग्री

पारा चढ़ते ही जंगल में आग लगने लगी फायर ब्लोअर बना कारगर हथियार 2



INTERVIEW
अतिशीघ्र आवश्यकता है
11,12,13 March 2026
समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
5 पद- ड्राइवर पुरुष
2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष
30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष
वेतनमान अनुभव के आधार पर
योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए
फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस
इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023

## भौतिक सत्यापन में साढे 10 हजार से अधिक की मिली कमी

# अकलतरा संग्रहण केन्द्र से सवा तीन करोड़ का धान गायब

### विधायक राघवेंद्र के सवाल पर खाद्य मंत्री का मिला जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

**खास बातें**
- आनलाइन रिकार्ड और वास्तविक स्टाक में मिली बड़ी खामी
- रिकार्ड में थे 9 स्टेक मौके पर 6 उस पर भी 5 आधे अधूरे
- जिला प्रशासन ने संयुक्त टीम बनाकर कराई थी जांच
- 20 से 25 प्रतिशत बोरे ही मिले संदिग्ध



नवीन धान संग्रहण केंद्र अकलतरा में धान शार्टेज का मामला विधानसभा में गूंजा। क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के सवाल पर सदन में जो जवाब आया, उसके अनुसार यहां आन रिकार्ड के आधार पर किए गए भौतिक सत्यापन में 10 हजार 651 क्विंटल धान की कमी पाई गई है। इसके अलावा 20 से 25 प्रतिशत बोरे संदिग्ध मिले है। कमी हुई धान की कीमत तकरीबन 3 करोड़ 30 लाख हो रही है।

गौरतलब है कि अकलतरा के नवीन धान संग्रहण केन्द्र में धान की कमी का मुद्दा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने विधानसभा में उठाया। उनके सवाल पर खाद्य मंत्री ने जो जानकारी दी, उसके अनुसार विपणन वर्ष 2024-25 में अकलतरा क्षेत्र के धान संग्रहण केंद्रों में कुल 1,03,135.06 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया था। इनमें से 96,479.44 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जबकि 1,219 मीट्रिक टन धान भौतिक रूप से शेष बताया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए 13 जनवरी 2026 को संयुक्त जिला स्तरीय समिति द्वारा नवीन धान संग्रहण केंद्र अकलतरा का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान ऑनलाइन स्टॉक और वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर पाया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन रिकॉर्ड में केंद्र में 9 स्टैक धान दर्ज था, जबकि मौके पर सिर्फ 6 स्टैक ही मिले। इनमें से एक स्टैक पूर्ण (करीब 3000 बोरे) और पांच स्टैक अपूर्ण पाए गए। इन स्टैकों में क्रमशः 1310, 1090, 600, 293 और 336 बोरे पाए गए। इसके अलावा केंद्र में 820 बोरे अतिरिक्त भी पाए गए, जो रिकॉर्ड में दर्ज नहीं थे। समिति ने जब बोरो का वजन और उपलब्ध धान का आकलन किया तो पाया गया कि कुल 7449 बोरे धान मौजूद थे। औसत वजन के आधार पर यह लगभग 2248.10 क्विंटल धान बनता है। जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार केंद्र में 12,900.07 क्विंटल धान होना चाहिए था। इस प्रकार जांच में लगभग 10,651.97 क्विंटल धान कम पाया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ बोरो को दोबारा सिलाई (री-स्टिचिंग) कर भरा गया था, जिससे लगभग 20 से 25 प्रतिशत बोरे संदिग्ध पाए गए। जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित दस्तावेजों और स्टॉक की विस्तृत जांच कराई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उपलब्ध धान का पूर्ण उठाव होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। साथ ही मामले से संबंधित दस्तावेजों को आगे की जांच और कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि धान संग्रहण केन्द्र अकलतरा में गड़बड़ी की आशंका पर विधायक राघवेन्द्र सिंह ने पूर्व में निरीक्षण भी किया था। इस आधार पर उन्होंने शिकायत कर जांच की मांग की थी। अब विधानसभा में भी इस मुद्दे को लेकर सवाल उठाया है।

# कोटवार हत्याकांड में होगी दंडाधिकारी जांच

## गोरखापाली में होली के दौरान हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



सक्ती जिले के ग्राम गोरखापाली में होली के दिन हुई घटना में कोटवार रथराम गोंड गंभीर रूप से घायल हुआ था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में कलेक्टर ने दंडाधिकारी जांच के आदेश जारी किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सक्ती के पत्र के आधार पर थाना मालखरौदा, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम गोरखापाली में 4 मार्च को सुबह प्रार्थी सनत पटेल अपने खेत के डबरी तालाब के पास लगभग 11 बजे पहुंचे थे। उस समय गांव के आनंद राम कुर्रे तथा कोटवार रथराम गोंड भी वहां मौजूद थे। बताया गया है कि उसी गांव के सुखदेव कुर्रे, अरुण कुर्रे एवं कमलेश कुर्रे हाथ में लकड़ी की बल्लियां लेकर वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए कोटवार रथराम गोंड के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रार्थी के सामने ही सुखदेव कुर्रे ने बल्लियों से मारपीट की, जिससे कोटवार रथराम गोंड के सिर एवं बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं। घायल कोटवार रथराम गोंड को जिला अस्पताल सक्ती में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सालय जांजगीर भेजा गया तथा बेहतर उपचार के लिए बाद में बिलासपुर अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान कोटवार रथराम गोंड़ की मौत हो गई। इस मामले में थाना मालखरौदा में 4 मार्च को भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 196 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए घटना की दंडाधिकारी जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा, जिला सक्ती विनय कश्यप को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच के दौरान घटना कब और कैसे हुई, घटना स्थल पर कौन-कौन उपस्थित थे, किन परिस्थितियों में घटना घटी, इसके लिए कौन-कौन जिम्मेदार हैं सहित अन्य बिंदुओं पर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत कराने के आदेश दिए गए है। जांच अधिकारी को तीन माह के भीतर जांच पूर्ण कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

# कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर प्रभारी प्राचार्य निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

महात्मा गांधी ज्योतिबा राव फूले उत्कृष्ट विद्यालय डोंगाकोहरौद के प्रभारी प्राचार्य कुंजकिशोर को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय से निलंबन की कार्रवाई की गई है।

पामगढ़ ब्लाक के महात्मा ज्योतिबा राव फूले उत्कृष्ट विद्यालय डोंगाकोहरौद में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ व्याख्याता एलबी कुंजकिशोर के खिलाफ पूर्व में गंभीर शिकायत सामने आई थी। प्रभारी प्राचार्य द्वारा स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को प्रैक्टिकल परीक्षा में 10 अंक बोनस दिए जाने की बात कहकर रंगाई-पुताई का काम कराने व बोर्ड परीक्षा की फीस अधिक लिए जाने की शिकायत सामने आई थी। जांच के बाद प्रतिवेदन लोक शिक्षण संचालनालय को भेजा गया था। जांच प्रतिवेदन के आधार पर व्याख्याता एलबी कुंजकिशोर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के विरूद्ध आचरण पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांजगीर चांपा नियत किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने परिवार परामर्शदात्री सदस्यों का किया पुनर्गठन

**जांजगीर-चांपा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस ने जिले में परिवार परामर्शदात्री सदस्यों का पुनर्गठन किया। इस पहल का उद्देश्य परिवारिक विवादों और घरेलू समस्याओं को त्वरित और सहज तरीके से सुलझाना है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में यह पुनर्गठन किया गया। इसके तहत समाज में सक्रिय और जागरूक महिलाओं को परामर्शदात्री सदस्य के रूप में शामिल किया गया, जो जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क परामर्श सेवा प्रदान करेंगी। इस पहल का मुख्य लक्ष्य घरेलू और पारिवारिक विवादों को कानूनी प्रक्रिया से पहले आपसी संवाद और समझाइश के माध्यम से हल करना है। इसके अलावा, पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना और समाज में महिला सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना प्रमुख उद्देश्य हैं। इस पहल से न केवल परिवारिक विवादों का समाधान होगा बल्कि महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और समाज में जागरूकता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

### कक्षा 10 वीं की संस्कृत विषय की परीक्षा में 427 रहे अनुपस्थित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष के लिए कक्षा 10वीं विषय संस्कृत की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 12593 दर्ज परीक्षार्थियों में से 12166 उपस्थित और 427 अनुपस्थित रहे। जिसमें विकासखंड अकलतरा में 1974 दर्ज परीक्षार्थियों में से 1913 उपस्थित, 61 अनुपस्थित, बलौदा विकासखंड में 1422 दर्ज परीक्षार्थियों में से 1368 उपस्थित, 54 अनुपस्थित, बम्हनीडीह विकासखंड में 2213 परीक्षार्थियों में से 2147 उपस्थित, 66 अनुपस्थित, नवागढ़ विकासखंड में 4129 परीक्षार्थियों में से 4006 उपस्थित, 123 अनुपस्थित एवं पामगढ़ विकासखंड में 2855 दर्ज परीक्षार्थियों में से 2732 उपस्थित, 123 अनुपस्थित थे। परीक्षा में नकल प्रकरण दर्ज नहीं किए गए हैं।

### केरा रोड मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर

**तुस्मा।** तुस्मा केरा-रोड मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। 8 मार्च की रात लगभग 8:30 बजे एक और दर्दनाक हादसा सामने आया,जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान देवनारायण कश्यप, निवासी मिस्दा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवनारायण कश्यप रात के समय केरा रोड मुख्य मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

# बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत



मौके पर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तुस्मा रोड की है।

शिवरीनारायण पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धरदेई निवासी 27 वर्षीय जय कुमार साहू रविवार 8 मार्च को अपने ससुराल ग्राम दूरपा गया हुआ था। बताया जा रहा है कि वह रात लगभग 8 बजे अपने ससुराल से मोटरसाइकिल से अपने गृह ग्राम धरदेई लौटने के लिए निकला था। इस दौरान संजय साहू तुस्मा-केरा रोड के मुख्य मार्ग से गुजर रहा था, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संजय साहू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घटना के समय सड़क से गुजर रहे कुछ राहगीरों की नजर सड़क पर पड़े युवक पर पड़ी। राहगीरों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक संजय साहू की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि संजय साहू उस समय हीरो होंडा मोटर साइकिल सीजी 11 एजेड 3559 चला रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के बाद शिवरीनारायण पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 4 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

**अकलतरा।** चार किलो गांजा के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। साथ ही उनके कब्जे से दो लाख रुपए कीमती गांजा बरामद किया गया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 8 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन के पास एक काले रंग के बैग में भारी मात्रा में गांजा लेकर खड़े हैं। सूचना मिलते ही थाना अकलतरा पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम तरुण सेन पिता अशोक सेन निवासी ग्राम गरियाबंद रावणभाठा थाना व जिला गरियाबंद तथा प्रतीक मिश्रा पिता सोमनाथ मिश्रा निवासी बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर बताया। पुलिस द्वारा बैग की तलाशी लेने पर उसमें चार पैकेट में रखा कुल 4 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे गांजा उड़ीसा के बेलपहाड़ से लाकर छत्तीसगढ़ में बेचने के लिए ला रहे थे। पुलिस ने गांजा को गवाहों के समक्ष जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा सहित स्टाफ का योगदान रहा।




### चांद का दीदार करने के बाद मनेगा ईद उल फितर

# रमजान को लेकर छोटे बच्चों में देखा जा रहा विशेष उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमज़ान पूरे नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उर्दू कैलेंडर के अनुसार 18 फरवरी को चांद का दीदार होने के बाद 19 फरवरी से रोज़ों की शुरुआत हुई, जो 20 मार्च तक जारी रहेगी। इसके बाद चांद दिखने पर 20 या 21 मार्च को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। खास बात यह है कि रोजा रखे जाने को लेकरर छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

इस वर्ष खास बात यह है कि छोटे-छोटे बच्चे भी बड़े उत्साह और हौसले के साथ रोज़े रख रहे हैं। मार्च की गर्मी और स्कूलों में चल रहे परीक्षाओं के बावजूद बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। जहां बड़े लोग भी कई बार रोज़ा रखने में कठिनाई महसूस करते हैं, वहीं इन मासूम बच्चों का हौसला काबिले तारीफ है।नगर के कई बच्चों ने इस बार रोज़े रखकर सबका ध्यान आकर्षित किया है। 6 वर्षीय मोहम्मद शादाब रज़ा खान ने अपना पहला रोज़ा रखते हुए अब तक तीन रोज़े पूरे कर लिए हैं। वहीं 6 साल की अकीबा निशा ने इस साल अब तक 18 रोज़े रखे हैं। 7 साल के मोहम्मद साहिल अंसारी ने छह रोज़े रखे हैं, जबकि 7 साल की उजमा फातिमा और 8 साल की सईमा परवीन पूरे उत्साह के साथ रोज़े रख रही हैं। इकरा फातिमा 9 साल की है और लगातार 4 साल से पूरा रोजा रखा रही है इसी तरह 8 वर्षीय मोहम्मद तानिस, पिता वसीम खान, इस वर्ष नियमित रूप से रोज़ा रख रहे हैं, जो बच्चों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। मोहम्मद तानिस ने बताया कि रमज़ान इबादत, रहमत और सब्र का महीना है। उन्होंने कहा कि रमज़ान के दौरान घर में तरह-तरह के पकवान बनते हैं और ईद पर नए कपड़े, जूते और उपहार मिलने से उन्हें बहुत खुशी मिलती है।

## खबर संक्षेप

### पैसेंजर बनकर चलेगी हसदेव एक्सप्रेस

**कोरबा।** कोरबा से रायपुर के बीच रोजाना चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा-बिलासपुर के मध्य पैसेंजर के रूप में चलाई जाएगी। बिलासपुर झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन परियोजना पर किए जा रहे कार्य को लेकर यह निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कई गाडि़यों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्रीनॉन-नॉनइंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। कार्य को लेकर 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल तक गेवरा रोड से चलने वाली गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा से चलने वाली कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल 2026 तक बिलासपुर व गेवरा रोड से चलने वाली बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर व कोरबा से चलने वाली बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 5 से 11 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 58210 बिलासपुर-गेवरा रोड पैसेंजर रद्द रहेगी। गंतव्य से पहले कुछ ट्रेने समाप्त व प्रारम्भ होंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए कोरबा-रायपुर के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस को पैसेंजर के रूप चलाई जाएगी। कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा-बिलासपुर-कोरबा के मध्य पैसेंजर के रूप में चलाई जाएगी।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 11 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 11 मार्च को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक प्रिंसीपल सिक्योरिटी एण्ड एलाईड सर्विसेस प्रा0लि0, कोरबा, द रियल हण्टर बालको कोरबा, कृष्णा कॉरपोरेशन कोरबा और अपोलो फार्मासिटिज लिमि0 रायपुर द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों में सिक्योरिटी गार्ड 70, सिक्योरिटी सुपरवाईजर 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर 2, सी.आर.ओ.-2, टेक्निकल असिस्टेंट- 6, फार्मासिस्ट 10, फार्मेसी असिस्टेंट- 10 योग्यता- 8वी - 12वीं - स्नातक, आयु सीमा- 18-45 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये - 7,000 से 15,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### अब घर-घर जाकर बनाई जाएगी आभा आईडी

**कोरबा।** कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की जांच और उपचार समय पर सुनिश्चित हों, अस्पताल समय पर खुलें तथा सभी चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज हो। टीबी नियंत्रण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने ने संदिग्ध मरीजों की जांच और उपचार में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जांच किट की कमी होने पर शासन को तत्काल पत्र भेजने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। सैंपल लेकर समय पर नोटिफिकेशन जारी करने तथा डीबीटी भुगतान के मामलों में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। एक्स-रे जांच की संख्या कम होने पर कलेक्टर ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए वनरेबल आबादी की शत-प्रतिशत एक्स-रे जांच सुनिश्चित करने और अप्रैल माह के अंत तक एक्स-रे जांच में 20 प्रतिशत वृद्धि करने के निर्देश दिए।

# साडा गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल में तैयार हुआ अटल टिकरिंग लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूलों में साइंस के छात्रों को प्रैक्टीकल की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त अत्याधुनिक लैब तैयार किए जा रहे हैं। इनमें शहर के साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में तैयार किया गया अटल टिकरिंग लैब अपने आपमें छात्रों को सुविधा देने वाला एक बड़ा लैब है। जिसमें 40 छात्रों को एक साथ प्रेक्टीकल करने की सुविधा मिलेगी।

हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूलों में साइंस के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी स्कूलों में साइंस के छात्रों को सुविधाएं देते हुए अत्याधुनिक लैब की स्थापना की जा रही है। जहां कैमिस्ट्री, फिजिक्स और बायो के छात्रों को एक साथ प्रेक्टीकल करने की सुविधा मिलेगी। जिले के भी हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूलों में इस तरह के लैब तैयार किए गए हैं जिनमें शहर में संचालित साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल का साइंस लैब प्रमुख रुप से शामिल है। यह एक ऐसा लैब है जहां प्रैक्टीकल के साथ थियोरी क्लासेस भी चलाई जा सकती हैं। इसके साथ ही चाहें तो तीनों विषय के छात्र एक साथ प्रैक्टीकल भी कर सकते हैं। जिला शिक्षा विभाग के द्वारा साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल के इस लैब को तैयार करने के लिए प्रस्ताव तैयार कराया था। स्कूल के प्राचार्य रणधीर सिंह ने बताया कि स्कूल में तैयार हुआ यह लैब अपने आपमें हाईटेक लैब है। जहां इनवर्टर की भी सुविधा है और साथ ही प्रैक्टीकल रुम में एक बड़ा एलईडी स्क्रीन भी लगाया गया है। इनके अलावा लैब में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिससे लैब की निगरानी सतत होती रहती है।

## एक साथ 40 छात्राएं कर सकती हैं प्रेक्टिकल

**खास बातें**

- जिले मे तैयार हो रहे हैं अत्याधुनिक लैब
- साइंस के प्रति छात्रों में रुचि बढ़ाने लैब का निर्माण



### लाइब्रेरी की भी है सुविधा

लैब की सुविधा के साथ सिलेबस की भी सुविधा स्कूल के लाइब्रेरी में दी गई है। सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों की तरह लैब के साथ लाइब्रेरी की सुविधा छात्राओं को मिलती है। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जितनी बड़ी राशि खर्च की जा रही है उसका नजारा साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में नजर आता है।

## कोरबा व कटघोरा वन मंडल में वन विभाग की टीम लगातार जंगल में कर रही काम

# पारा चढ़ते ही जंगल में आग लगने लगी फायर ब्लोअर बना कारगर हथियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैसे-जैसे सूर्य की किरण तेज हो रही है जंगल में आग लगने का सिलसिला भी तेज हो चला है लेकिन जंगल में आगजनी की घटना रोकने के लिए वन विभाग के अधिकारी लगातार जंगल में तैनात है और वन विभाग के लिए फायर ब्लोअर एक कारगर हथियार के रूप में काम कर रही है। जिसके चलते आसानी से आग पर काबू किया जा रहा है। साथ ही जंगल में लगने वाले आग को रोकने का काम भी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल है। दोनों ही वन मंडल में विलुप्त प्राजाति के वन्य प्राणियों का बसेरा है साथ ही इस जंगल में रामबाण औषधियों की भरमार है। मार्च का महीना शुरु हो चुका है और इसके साथ ही पारा भी चढ़ना शुरू हो चुका है। पारा चढ़ते ही जंगल में आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। जैसे-जैसे गर्मी तेज हो रही है जंगल में लगातार आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर एसडीओ आशीष खेलवार व उनकी टीम लगातार जंगल में काम कर रही है और जंगल में लगने वाले आग को काबू करने के लिए फायर ब्लोअर और फायरवॉटर के माध्यम से आग पर काबू करने का काम कर रही है। इसी तरह कटघोरा वन मंडल में भी वन विभाग की टीम लगातार फील्ड में नजर आ रही है। खास तौर पर वन विभाग के लिए फायर ब्लोअर, फायर लाइन तैयार करने के साथ-साथ इस मशीन के माध्यम से जंगल में फैलने वाले आग को रोकने का काम कर रही है। निश्चित तौर पर वन विभाग के लिए फायर ब्लोअर किसी कारगर हथियार से कम नहीं है। वन विभाग के अधिकारी भी इसी फायर ब्लोअर के माध्यम से अधिक से अधिक जंगल में फैलने वाले आग को रोकने के लिए काम कर रही है।



आग बुझाता वनकर्मी।

### फायर ब्लोअर आग रोकने में हो रहा कारगर साबित

कोरबा वन मंडल में अब तक जंगल में आग लगने की कुल 80 घटनाएं सामने आई है लेकिन वन विभाग की टीम लगातार दिन और रात में जंगल में तैनात होकर जंगल में लगने वाले आग को रोकने का काम कर रही है। खास तौर पर फायर ब्लोअर मशीन के उपयोग से जंगल में आग लगने की घटना को रोकने में काफी हद तक सफलता मिल रही है। यह मशीन बहुत ही कारगर है। वन मंडल के सभी रेंज में यह मशीन उपलब्ध कराई गई है। इस मशीन के माध्यम से ही जंगल में लगने वाले आग को काफी हद तक रोका जा रहा है।

-**आशीष खेलवार**, वन विभाग कोरबा

### ऐसे काम करता है मशीन

जंगल में आग रोकने के लिए फायर ब्लोअर एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह मशीन जंगल की जमीन पर जमी सूखी पत्तियों, घास और अन्य ज्वलनशील पदार्थों को जलाने के लिए उपयोग की जाती है, जिससे आग की लहर को रोकने में मदद मिलती है। फायर ब्लोअर में एक इंजन होता है जो हवा को उच्च दबाव पर पंप करता है, जिससे एक शक्तिशाली हवा की धारा उत्पन्न होती है। इस हवा की धारा को जंगल की जमीन पर जमी सूखी पत्तियों और घास पर निर्देशित किया जाता है, जिससे वे जलने लगती हैं।

### कोरबा मंडल में अब तक 80 घटनाएं आ चुके हैं सामने

15 फरवरी से आगजनी का सीजन शुरू हो जाता है लेकिन फरवरी माह में ही आगजनी की घटना कम सामने आ रही थी लेकिन अब मार्च महीना शुरू होते ही और लगातार पारा चढ़ने लगा है जिसकी वजह से जंगल में आग लगने की घटना लगातार बढ़ती जा रहा है। कोरबा वन मंडल में अब तक आगजनी की 80 घटनाएं सामने आ चुकी है। वन विभाग निश्चित तौर पर आगजनी की घटनाओं को समय रहते रोकने में कामयाब जरूर हुआ है लेकिन जैसे-जैसे जंगल में आग लग रही है वैसे-वैसे जंगल में नुकसान होने की जानकारी सामने आ रही है।

# दर्री डेम में नहाने के दौरान युवक हुआ लापता घंटो रेस्क्यू के बाद भी नहीं मिला सुराग



घटनास्थल जहां डूबा युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 22 वर्षीय युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था जहां गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलने पर दर्री पुलिस व नगर सेना की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची थी जहां लापता युवक खोजने के लिए दोपहर से देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। शाम होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है दूसरे दिन फिर से लापता युवक को खोजने के लिए दर्री डेम में रेस्क्यू ऑपरेशन किया जाएगा।

**खास बात**

- दर्री थाना क्षेत्र का मामला, नगर सेना की टीम व गोताखोर लगे हैं तलाश में

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाला नौसाद अली 22 वर्षीय अपने कुछ दोस्तों के साथ रविवार की सुबह लगभग 11 बजे दर्री डेम घूमने पहुंचा था। इसी दौरान वह नहाने के लिए पानी में उतरा। शुरुआत में सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ ही देर बाद वह डेम के गहरे हिस्से की ओर चला गया। अचानक संतुलन बिगड़ने पर वह पानी में डूबने लगा और दोस्तों के देखते-देखते गहराई में समा गया। नौसाद अली को डूबता देख उसके साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाया और स्थानीय लोगों से मदद मांगी, लेकिन तब तक वह पानी में लापता हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर दर्री थाना प्रभारी आशीष सिंह दलबल सहित मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की टीम को बुलाया और नगर सेना की टीम मौके पर पहुंची और मोटर वोट के माध्यम से युवक की हसदेव नदी में घंटों खोजबीन की गई लेकिन देर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया देर शाम होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। अब सोमवार को पुनः रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा।

# तीन बच्चों के सामने नशेड़ी पति ने की पत्नी की जघन्य हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला दिवस के दिन नेहरू नगर में एक महिला की जघन्य हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। मकान मालकिन द्वारा मकान खाली करने को कहने पर नशे में धुत पति ने तीन बच्चों के सामने पहले पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। उसके बाद बाल पकड़कर टायलेट के पास ले गया और उसका सिर फर्श पर पटक दिया, फिर ईंट से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी और भाग निकला। पुलिस फरार पति को गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा मोहनभाठा निवासी युवराज यादव पिता जगराम यादव 43 साल अपनी पत्नी पुष्पलता यादव 37 साल तीन बच्चे रघुवंश यादव 16 साल, रोशनी 13 साल व एक 5 साल के बच्चे के साथ पिछले दो माह से नेहरू नगर एमआईजी - 33 निवासी मीरा सिंह के मकान में किराए से रह रहे थे। पुष्पलता यादव लोगों के घरों में साफ सफाई का काम कर परिवार का पालन पोषण कर रही थी। युवराज यादव शराब पीने का आदी है और कुछ काम नहीं करता है। आए दिन वह शराब पीकर गाली गलौज कर हंगामा मचाकर घर में विवाद करता रहता था। 8 मार्च की सुबह वह शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था। इससे परेशान होकर मकान मालकिन मीरा सिंह ने उसकी पत्नी पुष्पलता यादव नया मकान बनाना है कहकर मकान खाली करने कहा । पुष्पलता ने अपने पति से कहा कि वह शराब पीकर हंगामा मचाता है, इसलिए मालकिन मकान खाली करने कह रही है, इस बात पर दोनों के बीच विवाद होने लगा। कुछ देर बाद युवराज यादव घर से निकल गया। दोपहर 1 बजे नशे में घर पहुंचा और तीनों बच्चों के सामने पुष्पलता से विवाद करने लगा। इसी दौरान उनका बेटा रघुवंश यादव पास में रह रहे अपनी दादी को बताने चला गया। युवराज अपनी पत्नी का बाल पकड़क़र घसीटते हुए टायलेट के पास लेकर गया और फर्श पर सिर के पिछले हिस्से को पटक दिया। उसके बाद हाथ पैर से मारने के बाद ईंट से सिर के सामने हिस्से पर ताबड़तोड़ हमलाकर जघन्य हत्या कर दी।

# कोल इंडिया के 450 नान-एक्जिक्यूटिव कर्मचारियों को मिलेगा प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अनुषंगी कंपनियों में नान-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को अधिकारी पद पर पदोन्नत करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। कंपनी के मानव संसाधन विभाग ने विभागीय प्रमोशन प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है और 15 मार्च तक चयनित कर्मचारियों की अंतिम सूची जारी होने की संभावना है।

**खास बात**

- 15 मार्च तक जारी होगी प्रमोशन की अंतिम सूची

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के कुल 44 सौ कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों में अधिकारी बनने के लिए आवेदन किया था। इनमें से लगभग 34 सौ आवेदन केवल मानव संसाधन (एचआर) विभाग के लिए प्राप्त हुए थे। स्क्रूटनी के बाद कोल इंडिया की चयन समिति ने 450 उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। चयनित कर्मचारियों को ई-2 ग्रेड में अधिकारी बनाया जाएगा। औपचारिक स्वीकृति मिलने के बाद कंपनी द्वारा आधिकारिक सूची जारी कर दी जाएगी। इसके बाद चयनित अधिकारी विभिन्न विभागों में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। कोल इंडिया में जिन प्रमुख विभागों में अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, उनमें उत्खनन, वित्त, कार्मिक (एचआर), विद्युत एवं यांत्रिकी, सिविल, सर्वे, सिस्टम (आईटी), सामग्री प्रबंधन, विपणन एवं बिक्री, कानूनी, पर्यावरण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, जनसंपर्क, सचिवीय, कंपनी सचिव तथा सुरक्षा विभाग शामिल हैं। इन विभागों में चयनित अधिकारी तकनीकी संचालन, वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन, खदान सर्वेक्षण, आईटी प्रणाली, आपूर्ति प्रबंधन, विपणन, कानूनी मामलों, पर्यावरणीय मानकों और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# एकमुश्त राशि का भुगतान लेने किसानों की मुश्किलें नहीं हो रही कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राज्य शासन के द्वारा 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से खरीदे गए धान की अंतर की राशि जारी करते ही बैंकों में किसानों की भीड़ उमड़ने लगी है और पहले की तरह एकमुश्त राशि लेने के लिए बैंक और किसानों के सामने मुश्किलें खड़ी हुई हैं। हालांकि बैंक प्रबंधन ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष एटीएम जारी कर व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास जरुर किया है।

जिले में धान खरीदी का दौर समाप्त होने के बाद किसान बेचे गए धान की अंतर राशि का इंतजार कर रहे थे। पूर्व में धान बेचने के दौरान उन्हें 21 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान की राशि दी जा रही थी और अब दूसरी किश्त 1 हजार रुपए की किश्त जारी कर दी गई है। हालांकि यह राशि कम है। ऐसी स्थिति में बैंकों के पास नगदी का संकट एक माह पूर्व की तरह नहीं है लेकिन अत्यधिक मात्रा में धान बेचने वाले किसानों के सामने एकमुश्त राशि लेने का संकट जरुर खड़ा है। उनकी मानें तो बैंक प्रबंधन को चाहिए कि धान बेचने के बाद किसान को उसकी पूरी राशि का भुगतान करना चाहिए। जितना किसान ने मांगा है। पहले किश्त जब दी गई उस दौरान भी किसानों की जितनी राशि की जरुरत थी उतनी नहीं मिली। किश्त किश्त में भुगतान मिला और अब जब अंतर की राशि हुई है उस दौरान भी यही स्थिति सामने आ रही है।

* **कोरबा।** कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) कटघोरा में शुक्रवार को कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को केंद्र सरकार के बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई।

**न्यायालय तहसीलदार अड़भार**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**
**// राजस्व मामले में उपस्थिती नोटिस //**
रा.प्र.क्र.-202602311000029/अ-27/वर्ष-2025-26
ग्राम-करिगांव तहसील अड़भार जिला-सक्ती (छ.ग.)

समक्ष न्यायालय तहसीलदार अड़भार जिला-सक्ती (छ.ग.) पक्षकार मोहन चौहान पिता अंजोर सिंह बनाम दरसमति बेवा अंजोर सिंह वगैरह

**दावा**

श्रीमति दरसमति बेवा अंजोर सिंह मनोज, आजाद, धनेश्वरी, दिलेश्वरी, लक्ष्न सभी पांचो वल्द सनत कुमार, ललन, जयन्ती मेघा तीनो पिता अंजोर सिंह मौर्या चौहान, प्रिंस चौहान दोनो पिता कपिल चौहान सभी जाति गाड़ा निवास करिगांव तहसील अड़भार जिला-सक्ती (छ.ग.) आपको सूचित किया जाता है कि उर्पयुक्त मामले की सुनवाई की तारीख 16/03/2026 को दिन के 10:30 बजे स्थान तहसील अडभार, जिला-सक्ती (छ.ग.) पर होगी। अनुपस्थित होने की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 02/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**अड़भार**
**जिला-सक्ती (छत्तीसगढ़)**

Name Change Notice
I Rajesh Agrawal Age **53** Years S/o Baij Nath Agrawal Address Kuber Para, Ward No. **3**, Naila Janjgir, Dist. Janjgir Champa C.G **495668** declares that I have changed my Old name to Rajesh Kumar Agrawal S/o Baij Nath Agrawal. I shall henceforth be known as Rajesh Kumar Agrawal S/o Baij Nath Agrawa
Rajesh Kumar Agrawal
Address Kuber Para,
Ward No. **3**, Naila
Janjgir, Dist. Janjgir
Champa C.G **495668**

**न्यायालयः प्रधान जिला न्यायाधीश, जांजगीर,**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी: शक्ति सिंह राजपूत)**
**प्रोसेस क्रमांक-372/2026**
**व्यवहार अपील प्रकरण क्रमांक 66 अ/2025**
**पेशी तिथि-07.04.2026**
**ईश्तहार**
**बद्रीप्रसाद जायसवाल**
**वगैरह.......................... पीलार्थीगण**
**-:: बनामः:: -**
**आम जनता (जिनका हित ........उत्तरवादी**

अपीलार्थीगण बद्रीप्रसाद जायसवाल वगैरह के द्वारा न्यायालय-सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के व्यवहार वाद क्रमांक-11 अ/2025 पक्षकार ब्रदीप्रसाद जायसवाल वगैरह बनाम आम जनता (जिनका हित हो) में पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक-20/11/2025 से क्षुब्ध होकर उसके विरुद्ध व्यवहार अपील प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसे व्यवहार अपील प्रकरण क्रमांक-66 अ/2025 में दर्ज कर ली गई है।

अतः अनावेदक आम जनता (जिनका हित निहित हो) को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि-07.04.2026 समय 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे प्रकरण की पूर्ण जानकारी हो, के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें, उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जावेगी, जिसकी जवाबदारी आप पर होगी।

यदि किसी कारणवश दिनांक 07.04.2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक-06.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

**स्थान - जांजगीर**
**दिनांक-06.03.2026**

**(शक्ति सिंह राजपूत)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश, जांजगीर**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**एवं तहसीलदार नवागढ़,**
**जिला जांजगीर चांपा. (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक /Q/ तह./ज.मृ./ 2025
नवागढ़ दिनांक 27/2/2026
ग्राम-मुड़पार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुर्णिमा कुमारी पिता संतराम जाति सतनामी साकिन मुड़पार तहसील नवागढ़ व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. 14 ग्राम मुड़पार में अपने/अपनी (रिश्ता लिखें) स्वयं नाम पुर्णिमा कुमारी के जन्म / मृत्यु दिनांक 10/6/1992 को होने से, जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण, पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो, तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 16/3/26 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**नवागढ**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
क्र. 2138/2025/वा./
चांपा, दिनांक 30/01/2026)
**राजस्व मामले की नोटिस**

**श्री जगदीश साहू पिता स्व. चमरू राम साहू मूल निवासी मौहीडीह तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) .................अपीलार्थीगण**

**विरूद्ध**

**श्री मुखीराम पिता स्व. अनंद राम निवासी मौहीडीह तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.).....................उत्तरवादीगण**

**प्रति,**

**1. श्री मुखीराम पिता स्व. अनंद राम निवासी मौहीडीह तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) 2. मधु राम पिता स्व. अनंद राम 3. चंदा बाई बेवा स्व. दुखीराम 4. रमेश पिता स्व. दुखीराम 5. निर्मला पति स्व. दुखीराम 6. नाबा. धनेन्द्र पिता दुखीराम** 7. नाबा. प्रमिला पिता स्व. दुखीराम सभी निवासी ग्राम मौहीडीह तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

अपीलार्थी जगदीश साहू पिता स्व. चमरू राम साहू मूल निवासी मौहाडीह तह. सारागांव जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा अधिवक्ता श्री ए.पी. प्रधान उपस्थित ग्राम मौहीडीह स्थित भूमि ख.न. 84/2 रकबा 0.1210 हे. भूमि अवस्थित है उक्त वादभूमि को टिकैत गोकुल पिता भैयाराम से दिनांक 13.06.1983 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से खरीदा था जिसका नामांतरण क्रमांक 11 वर्ष 1986.87 आदेश दिनांक 16.04.1986 को विधिवत नामातंरण कराया था आवेदकगण के पिता चमरूराम फौत के बाद उसके वैध वारिस आवेदकगण जगदीश वगै. के नाम पर राजस्व रिकार्ड मे दर्ज था त्रुटिवश उक्त वादभूमि अनावेदकगण के नाम पर वर्ष 2022 में दर्ज हो गया है जिसे सुधार करने हेतु धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है सुनवाई की नियत तिथि.10.03.2026 नियत की गई है। नियत दिनांक को आप न्यायालय में स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं। नियत दिनांक तक उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षिय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 30/01/26 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चाम्पा**

जाँजगीर मार्केट
फर्नीचर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष: (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**

## पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में विज्ञान मेले का आयोजन



**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधान पाठक डॉ उमेश कुमार दुबे के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों एवं प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा और नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन विज्ञान प्रभारी टीकाराम गोपालन के मार्गदर्शन में किया। विज्ञान मेले में बच्चों ने सूक्ष्मदर्शी की सहायता से स्लाइड का अवलोकन किया, अम्ल एवं क्षार से जुड़े प्रयोग किए, सुचालक एवं कुचालक पदार्थ की पहचान की, पदार्थों का वर्गीकरण एवं पृथक्करण के विभिन्न विधियों को समझा,चुंबकीय एवं अचुंबकीय पदार्थों का परीक्षण किया, चुंबको से मनोरंजन, तापमापी का प्रयोग किया तथा विज्ञान उपकरणों की कार्यप्रणाली,अंध विश्वास का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने मिट्टी से सुंदर और आकर्षक खिलौने बनाकर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति से मिट्टी के खिलौने सोफ़ा,गैस चूल्हा, मटका,कूलर की आकृतियां और अन्य कलात्मक वस्तुएं तैयार की तो बच्चों के कल्पनाशक्ति ने रंग बिरंगे आकारों के रूप में जीवंत रूप ले लिया। विद्यालय के शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने बताया कि इस गतिविधि का विज्ञान मेला में उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक सोच एकाग्रता आत्मविश्वास और हस्त कौशल का विकास करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर देती है और उन्हें व्यावहारिक जीवन के लिए भी तैयार करती है। इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप,टीकाराम गोपालन, एकादशियां मांझी,कौशल यादव,संतोष चंद्रा,अशोक जांगड़े के महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम को पहुंचे अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के प्रतिभा की सराहना की।

## पूर्वी सोनी ने हासिल की सी.ए. परीक्षा में सफलता

**चांपा।** नगर के लायंस चौक इंग्लिश स्कूल की छात्रा तथा स्थानीय स्वर्णकार समाज के प्रतिष्ठित



नागरिक पवन कुमार स्वर्णकार की सुपुत्री कु. पूर्वी सोनी ने इस वर्ष आयोजित चार्टड एकाउन्टेंट (सी.ए.) की परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार, समाज, शालेय संस्था एवं शहर का नाम गौरवान्ति किय है। कक्षा 12वीं की परीक्षा लायंस स्कूल से उत्तीर्ण कर कु. पूर्वी ने एक्सेल एजुकेशन रायपुर सहित वर्मा कोचिंग के संचालक वीरेन्द्र वर्मा से प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद सहित कुशल कोचिंग प्रशिक्षण को दिया है।

## नैक-मीट कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट का होली मिलन

**जांजगीर-चांपा।** शहर के लिंक रोड स्थित नैक-मीट कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर के द्वारा हरियाली हैरिटेज में होली मिलन कार्यक्रम रंगोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के अध्ययनरत डीसीए, बीसीए, पीजीडीसीए तथा अन्य पाठ्यक्रम के सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। रंगोत्सव कार्यक्रम की शुरूवात संस्था के संचालक महेन्द्र राठौर के द्वारा भगवान श्री राधा-कृष्ण के चित्र की पूजा अर्चना के साथ की गई। इस कार्यक्रम विद्यार्थियों ने रंग गुलाल के साथ, संगीत में नृत्य के साथ होली का भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम विद्यार्थियों ने अनुशासन का परिचय दिया। संस्था द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के तनाव से मुक्त करना, उनके बीच भाईचारे की भावना और टीमवर्क सिखाना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के संचालक महेन्द्र राठौर, शिक्षक-शिक्षिकाओं में पुर्णिमा टेंगनवाल, मेहुल एवं विद्यार्थीगण राजकमल आदित्य, सुयश राठौर, सिद्धार्थ रात्रे, हर्ष श्रीवास, प्रकाश राठौर,खिलेश्वर, किर्तन एवं संजय राठौर का विशेष सहयोग रहा।

## भाजपा सरकार ने महिलाओं के साथ किया छल : गुप्ता

**चांपा।** महतारी वंदन योजना के नाम पर छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव साय सरकार ने प्रदेश के महिलाओं को ठगा है। यह बातें जिला



कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नागेंद्र गुप्ता ने कही। उन्होंने आगे कहा कि 8 मार्च विश्व महिला दिवस को सरकार से उम्मीद थी कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए जाने की घोषणा करेंगे, लेकिन ऐसा नही हुआ। 2 वर्ष पूर्व चुनाव जीतने के लिए महिलाओं को प्रलोभन दिया गया था और उनसे आवेदन आमंत्रित किया था। पात्र और अपात्र के नाम पर हजारों महिलाओं का नाम योजना में शामिल नही किया गया। 2 वर्ष तक लगातार महतारी योजना के अंतर्गत आवेदन स्वीकार नही किया जा रहा है। जबकि इन दो वर्षों में छत्तीसगढ़ की युवतियां हजारों की संख्या में विवाहित होकर महतारी वंदन योजना की पात्र हो गई है। अगर भाजपा सरकार सही मायने में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना चाहती है तो तत्काल महतारी वंदन योजना के आवेदन आमंत्रित करें साथ ही बढ़ती महंगाई को देखते हुए 1000 की राशि को बढ़ाकर 2000 करें और निशक्त महिलाओं के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की व्यवस्था करें।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता शिविर एवं सम्मान समारोह

# महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा सुनिश्चित करना पुरुषों की जिम्मेदारी : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को एडीआर भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर में जागरूकता शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सामाजिक भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार महिला दिवस पर जागरूकता शिविर एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय जांजगीर संघरत्ना भतपहरी, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) सुनीता साहू एवं द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लीना अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने कहा कि समाज में महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा सुनिश्चित करना पुरुषों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं शक्ति और समृद्धि की प्रतीक हैं तथा उनके संवैधानिक अधिकारों की जानकारी हर




कार्यक्रम में मंचस्थ प्रधान जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत एवं अन्य अतिथिगण।

महिला तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने वंचित महिलाओं को विधिक सहायता उपलब्ध कराने और महिला उत्थान के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लीना अग्रवाल ने कहा कि स्त्री और पुरुष जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं, दोनों के बिना समाज का संतुलन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं और जरूरत पड़ने पर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष भी कर रही हैं, ऐसे में समाज का कर्तव्य है कि उन्हें सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाए। कार्यक्रम में ईश्वरी अनंत सहायक ग्रेड-02 ने कहा कि महिलाएं केवल परिवार ही नहीं बल्कि समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सहोदरा जांगड़े ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 8 मार्च का दिन विश्वभर में नारी शक्ति और महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश एवं मंचासीन न्यायाधीशगण द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला न्यायाधीशों, अधिकारियों एवं न्यायिक कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला जांजगीर-चांपा के समस्त न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारी, परिवार न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी एवं पैरालीगल वालंटियर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा एवं आभार प्रदर्शन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजू कंवर ने किया।

## महिला दिवस पर मोहरा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**केरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवागढ़ विकासखंड के ग्राम मोहतरा में युवाओं द्वारा एक प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव के सक्रिय युवाओं द्वारा बनाए गए "पहल युवा समूह" की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग ढाई सौ ग्रामीणों-महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष घासी कश्यप, जनपद सदस्य अखिलेश



तथा ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि होरीलाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उन प्रेरणादायक महिलाओं की पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ग्राम की मितानिन आशा ने इन पोस्टरों के माध्यम से महिलाओं को प्रेरक कहानियों से परिचित कराया और बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही गाँव के महिला समूहों द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनमें छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन जैसे ठेठरी, खुरमी और अंगाकर प्रस्तुत किए गए। महिला समूहों ने अपने द्वारा तैयार किए गए उत्पाद जैसे सर्फ और साबुन भी प्रदर्शित किए और ग्रामीणों को इनके बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत "जंगल की सैर" नामक रोचक गतिविधि से हुई। इसके बाद महिलाओं के लिए कई मनोरंजक और सहभागिता आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जैसे धागा खोलना, मटका फोड़, लूडो, सांप-सीढ़ी और कबड्डी। इन गतिविधियों में गाँव की महिलाओं और लड़कियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि कबड्डी, जिसे अक्सर पुरुषों का खेल माना जाता है, उसमें भी महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर रूढ़िवादी सोच को चुनौती दी।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों और ग्रामवासियों ने महिलाओं के सम्मान और समाज में उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कार्यक्रम में आयोजित खेलों और गतिविधियों की सराहना की तथा आगे भी इस तरह के आयोजन करते रहने की बात कही। साथ ही महिलाओं से जुड़ी रूढ़िवादी प्रथाओं पर भी चर्चा की गई और समाज में महिलाओं को सम्मान देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

## महतारी वंदन हितग्राही को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र




**पामगढ़।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को सतनाम भवन पामगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती इंदु बंजारे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रमिला अजय साहू, श्रीमती प्रीति अजय दिव्य, जन पंचायत सदस्य संतोषी मनोज रात्रे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजना मानेस जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े, सभापति महिला एवं बाल विकास की स्थायी समिति के अध्यक्ष श्रीमती भुवनेश्वरी अग्नि सिंह, सदस्य शहर लाल साहू, जनपद पंचायत उपध्यक्ष रूपचंद साहू, पूर्व जनपद सरपंच महका श्रीमती मंजूलता टंडन मुख्य कार्यपालन अधिकारी पामगढ़ मणिशंकर कौशिक तहसीलदार अमरनाथ श्याम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती रश्मि डाहिरे पटवारी संघ अध्यक्ष पंचराम वस्त्रकार परियोजना अधिकारी श्री रविकुमार शर्मा एवं समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित थी कार्यक्रम महतारी वंदन हितग्राही द्वारा योजना की सफलता की कहानी का वाचन किया गया महतारी वंदन हितग्राही को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने महिला सशक्तिकरण पर महत्वपूर्ण संदेश दिया। परियोजना अधिकारी द्वारा विभागीय महिला आधारित योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर में महिलाओं का स्वास्थ्य जांच भी करवाया गया है।

# महिलाओं को उनके कर्तव्यों से कराया गया अवगत

**बहेराडीह।** ग्राम सिवनी गांव में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के तत्वावधान में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर 'महिला सम्मेलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- सिवनी में महिला सम्मेलन व होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में डीएसपी सतरूपा तारम, समाजसेविका गीता सिंह, जिला पंचायत की सदस्य व समाज कल्याण विभाग के सभापति श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, जनपद सदस्य व संचार, संकर्म समिति के सभापति चुड़ामणि राठौर, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसन्धान,वस्त्र



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते अतिथि।

मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार व नवाचारी कृषक रामाधार देवांगन विशेष रूप से मौजूद थे। इस दौरान कार्यक्रम में समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके सशक्तिकरण, सम्मान एवं कर्तव्यों को लेकर अवगत कराया गया। इसके अलावा, किस तरह से समाज में महिलाएं, शिक्षा प्राप्त कर आज हर क्षेत्र में अपनी उपलब्धि से मिसाल पेश कर रही हैं, इस बात को स्मरण किया गया। साथ ही होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहेराडीह की पशु सखी पुष्पा यादव, लक्ष्मीन महंत पिसौद, उषा यादव, शर्मीला गोस्वामी, पुष्पा महंत, गौरी नामदेव, बद्रीका यादव, धन कुंवर बरेठ, रुखमणि पाण्डेय, अंजनी यादव, दुर्गा बरेठ, निर्मला बरेठ, यामिनी यादव, सीमा महंत, शिवकुमारी, सुलोचनी महंत, यामिनी देवांगन, प्रियंका धीवर, कविता बरेठ, रश्मिन बरेठ, सरिता बरेठ, सजनी बरेठ, रानू जायसवाल, नित्रिका यादव, कुसुम विश्वकर्मा, बसंती नामदेव, सहोद्री बरेठ, भगवती बरेठ, निखिल बैष्णव, अंजू बरेठ, कमला श्रीवास, आर बीके सुनीता दुबे, रामकुमारी श्रीवास, उर्मिला राठौर, चमरा राम देवांगन, हेमंत देवांगन, पार्वती देवांगन समेत अन्य लोग मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन जिला व्यापार व उद्योग केंद्र के डीआरपी संतोष शुक्ला और आभार प्रदर्शन आरबीके सुनीता दुबे ने किया।

## अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ जिला इकाई सक्ती का हुआ पुनर्गठन

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन रायपुर से संबंध अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ के जिला शक्ति इकाई का पुनर्गठन किया गया है। सेंट थॉमस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालखरौदा में अशासकीय विद्यालय संगठन जिला शक्ति की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सक्ती, मालखरौदा, जैजैपुर एवं डभरा ब्लॉक के अशासकीय विद्यालयों के संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस बैठक में विद्यालयों के विभिन्न अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से निम्नानुसार पदाधिकारी का चयन किया गया। योगेश साहू अध्यक्ष, विजय लॉरेंस सेंट थॉमस स्कूल मालखरौदा उपाध्यक्ष, नितिन सोनी गुंजन स्कूल शक्ति सचिव, युगल किशोर बंजारे सहसचिव, तेज प्रकाश उपाध्याय लिटिल फ्लावर स्कूल शक्ति कोषाध्यक्ष, निकराम साहू संयुक्त सचिव, संतोष कुमार संयुक्त सचिव के पद पर चयनित किए गए। उमाशंकर यादव, दिनेश पुरोहित, राम कुमार









साहू एवं रमेश यादव को प्रचार सचिव की जिम्मेदारी दी गई। श्रीमती टुकेश्वरी टंडन,वीरेश्वर यादव, रामकिशन साहू, खेमराज चंद्रा, सोमेश जायसवाल, मनोज चंद्रा, नरेंद्र कुमार , रजत पटेल, लखनलाल राज, बनवारी लाल वैष्णव, गोपाल प्रसाद जायसवाल को सलाहकार पद हेतु सर्वसम्मति से चयनित किया गया।

## भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव बने कलेश्वर

**तालदेवरी।** भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश आजाद एवं प्रदेश सह प्रभारी मनोज बंजारे के मार्गदर्शन मे प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश



कमेटी की सर्व सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य से पदोन्नति कर भीम आर्मी छत्तीसगढ़ का महासचिव नवीन दायित्व कलेश्वर खूंटे को दिया गया। भीम आर्मी द्वारा लगातार युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इससे पहले वे जांजगीर जिला के चार वर्ष जिलाध्यक्ष पद पर रहकर कई कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महतारी वंदन सम्मेलन

**सक्ती।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृहद महतारी सम्मेलन, मेगा हेल्थ कैंप, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर स्टेशन रोड में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की वर्चुअल उपस्थिति में आयोजित किया गया। साथ ही जिले में यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न परियोजनाओं मालखरौदा, डभरा एवं जैजैपुर में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं के योगदान का सम्मान करना तथा उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े ने अपने संबोधन में कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि "नारी ही नारायणी है, नारी शक्ति आज हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश और समाज को नई दिशा दे रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वृहद महतारी वंदन सम्मेलन, मेगा हेल्थ कैंप, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी



उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते अतिथि।

परियोजना से जुड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की दीदियां तथा बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श तथा आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं भी प्रदान की गईं। साथ ही स्व-सहायता समूहों की उद्यमी महिलाओं द्वारा विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्थानीय हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद और अन्य उपयोगी वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। इन स्टॉलों के माध्यम से महिलाओं की उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# रामनवमीं पर श्रीराम मंदिर से निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

श्रीरामनवमीं के मनाने के लिये नगर के सभी वर्ग के प्रबुद्धजनों की बैठक 7 मार्च शनिवार को शनि मंदिर (भैरव मंदिर) भीमा तालाब के प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों ने नगर के नगर वासियों से आह्वान किया है कि वे श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर

- शनि मंदिर प्रांगण में प्रबुद्धजनों की हुई बैठक, तैयारियों को लेकर लोगों को दी गई जिम्मेदारी

अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठान के आगे एक दीप प्रज्वलन कर नव वर्ष का स्वागत करें। बैठक में 26 मार्च को श्री रामनवमी जन्मोत्सव शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की तैयारी के लिए अलग-अलग लोगों के समूह को जिम्मेदारियां दी गई। शोभा यात्रा के लिए एक नए स्वरूप में लाइव भजन करने वाली पार्टी खुली गाड़ी में शोभा यात्रा में साथ साथ चलगी। श्री राम भगवान की



बैठक में उपस्थित प्रबुद्धजन।

प्रतिकृति के कट आउट को एक सुसज्जित रथ में अग्रिम पंक्ति में रखा जाएगा । रथ के दोनो तरफ झूमर लाईट की व्यवस्था रहेगी। शोभायात्रा में सभी वर्ग की महिलाएं पुरुष एवं बच्चे शामिल होंगे। बैठक में तय किया गया कि 26 मार्च को श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पैदल शोभायात्रा नैला रेलवे स्टेशन के पास श्री राम मंदिर से सायं 5 बजे प्रारंभ होगी । शोभायात्रा में नगर के सभी महिला,पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। शोभायात्रा के दौरान श्रीराम मंदिर से दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर तक सड़क के दोनों किनारे स्थित मकान और दुकानों के आगे रंगोली एवं दीप प्रज्वलन से शहर को सजाया जाएगा। शोभा यात्रा श्रीराम मंदिर नैला से नेताजी चौक से होकर कचहरी चौक होते हुए दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में संपन्न होगी । दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में ही शोभायात्रा के समापन के अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। हनुमान चालीसा के उपरांत वहीं पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था किया जावेगी।आज की बैठक में तय किया गया कि श्री राम नवमी जन्मोत्सव शोभायात्रा की तैयारी के लिए अगली बैठक शनिवार 14 मार्च को सायं 5 बजे शनि मंदिर प्रांगण भीमा तालाब में रखी जाएगी। इसमें आयोजन को अंतिम स्वरूप प्रदान करने के लिए निर्णय लिया जाएगा। बैठक में आलोक मिश्रा,मनोज अग्रवाल,नवीन राठौर, रजनीश अग्रवाल, मनोज राठौर, अमर सुल्तानिया, जितेंद्र देवांगन, योगेश चौरसिया, रमेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, बोधी राम साह, अवधेश कहरा, विवेक राठौर, महेश शर्मा, अविनाश शुक्ला, दीनानाथ उपाध्याय, हितेश यादव, उमेश राठौर, अजीत गढ़वाल,देवानंद गढ़वाल, पुष्पेंद्र निर्मलकर, सोनू यादव,कमल राठौर, रोहित कुलदीप, राकेश रूपवानी, अनिल शर्मा,भोलू यादव, चुन्नी राठौर, शिव चमन सिंह,विनोद गोपाल, आशीष शर्मा, भूपेंद्र कुमार पाण्डेय, शिवकुमार साहू, सुशील सिंह, सतीश शर्मा, मनोज पाण्डेय, आलोक शुक्ला, रोशन कुमार केशरवानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गिरते जल स्तर को देखते हुए बोर खनन कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर में लगातार गिरते जल स्तर और बढ़ती पेयजल समस्या को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने सांसद कमलेश जांगड़े से सक्ती नगर के सभी वार्डों में बोर खनन कर पंप स्थापना करवाने की मांग की थी।

नपा अध्यक्ष की इस मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सांसद ने लगातार गिरते जल स्तर को देखते हुए नगर के सभी वार्डों में बोर खनन करवाने की स्वीकृति प्रदान की, जिससे अब नगर में पेयजल संकट के समाधान की दिशा में ठोस पहल शुरू हो गई है। इसी तारतम्य में वार्ड क्रमांक 5 में विधिवत रूप से बोर खनन कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष भरत यादव, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद लाला सोनी, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद पिंटू यादव, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद हुलास देवांगन सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का सोमवार को बम्हनीडीह ब्लॉक में गठित उड़नदस्ता दल ने अनेक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। दसवीं के संस्कृत पर्चे की परीक्षा थी। बीआरसी हीरेन्द्र बेहार की टीम ने लायंस स्कूल चांपा, पंडित देवीधर दीवान उच्चतर माध्यमिक शाला अफरीद एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा चोरिया का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान एक भी नकल के प्रकरण नही मिले। वही बीईओ बम्हनीडीह टीम के सदस्य ममता जायसवाल, मंजूलता साहू एवं राजेश बरेठ ने पंडित देवीधर दीवान उच्चतर माध्यमिक शाला अफरीद, हाईस्कूल भवरेली एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बम्हनीडीह के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों के उपयोग का मामला सामने नहीं आया। दसवीं के संस्कृत पर्चे में बम्हनीडीह ब्लॉक के 66 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। उड़नदस्ता टीम में मीनाक्षी मानसर, उपेंद्र गोस्वामी एवं धरमदास मानिकपूरी शामिल थे।

### नगरपालिका ठेकेदार संघ के पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए बलवीर सिंह



**चांपा।** स्थानीय नगरपालिका ठेकेदार संघ चांपा का त्रिवार्षिक चुनाव शनिवार 7 मार्च को गौरव पथ स्थित विवेकानंद उद्यान में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक में किया गया जिसमें वर्तमान अध्यक्ष बलवीर सिंह ढिल्लो को उनके उल्लेखनीय कार्यकाल को देखते हुए आगामी तीन वर्षों के लिए पुनः नगरपालिका ठेकेदार संघ चांपा का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित नगरपालिका चांपा के ठेकेदार सदस्यों के द्वारा पुनः वर्तमान अध्यक्ष बलवीर सिंह ढिल्लो को उनके सफल कार्यकाल को देखकर आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। संघ का पुनः अध्यक्ष चुने जाने के बाद बलवीर सिंह ढिल्लो ने सभी ठेकेदार सदस्यों के स्नेह एवं सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे सभी के विकास तथा उनकी समस्याओं के निदान के प्रति समर्पित होकर कार्य करेंगे। संपन्न बैठक में नगरपालिका ठेकेदार रमेश सराफ, राजेश्वर मिश्रा, गणेश कुमार मोदी, अजय शर्मा, देवेश विश्वकर्मा, दीपक सिंघानिया, धनंजय मिश्रा, गिरीश मोदी, जसतेज सिंह खटकर, प्रमोद सोनवानी, पुष्पराज निर्मलकर, विजयकांत मिश्रा, जुबेर मेमन, घनश्याम देवांगन, बशीर रिजवी, प्रदीप मोदी के अलावा अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### रसोई गैस की बढ़ी कीमतों के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रर्दशन




**चांपा।** केन्द्र सरकार द्वारा वर्तमान मार्च माह के प्रथम सप्ताह से घरेलू और व्यवसायिक रसोई गैस सिलेंडरों की दरों में की गई बेतहाशा वृद्वि को जनविरोधी एवं जनता पर महंगाई बढ़ाने वाला कदम बताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार 7 मार्च को सायं 7 बजे से लायंस चौक में विरोध प्रर्दशन किया।
कांग्रेस के विरोध प्रर्दशन कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद जांजगीर-चांपा के कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप तथा जैजैपुर के कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व से ही केन्द्र की भाजपा सरकार की अनेक जनविरोधी नीतियों के कारण अनेक जनोपयोगी वस्तुओं में महंगाई की मार झेल रही आम जनता अब घरेलू रसोई गैस तथा व्यवसायिक रसोई गैस की दरों में प्रति सिलेंडर की गई 60 एवं 115 रू. की बेतहाशा वृद्वि से कराहने पर मजबूर हो गई है। इस बढ़ोतरी से गरीब और मध्यम वर्ग की रसोई पर बड़ा हमला हुआ है जिससे आम जनता पर बड़ी मार पड़ी है। उन्होंने कहा कि पूर्व से ही केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण अनेक आवश्यक वस्तुओं पर महंगाई की मार झेल रही आम जनता को राहत देने की बजाय यदि रसोई गैस की कीमतों में वृद्वि को वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेस इसका हर स्तर पर जोरदार विरोध करेगी। उपस्थितों को इसके अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नागेन्द्र गुप्ता एवं जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में कांग्रेस शासन के दौरान रसोई गैस की कीमतो में बढ़ोतरी को लेकर हल्ला करने वाली केन्द्र की मोदी सरकार लगातार घरेलू रसोई गैस की कीमतों में वृद्वि कर रही है जिसके कारण आज इसकी दर एक हजार रू. पार कर गयी है। विरोध प्रर्दशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा के अध्यक्ष सुनील साधवानी, भगवानदास गढ़ेवाल, गिरधारी यादव, बाबूलाल जायसवाल, रविन्द्र शर्मा, बुटू देवांगन, हरीश पाण्डेय, अनिल मोदी, शाश्वतधर दीवान, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पंकज शुक्ला, अंजली देवांगन, तमिन्द्र देवांगन, पवन साहू, गिरधर देवांगन, राज अग्रवाल, मो. अली, श्रीमती शांति सोनी, रमशीला देवांगन, राकेश शर्मा, गोविंद वैष्णव, रंजन कैवर्त्य के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

शिवरीनारायण में स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों, समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

# प्लास्टिक मुक्त शहर एवं स्वच्छता का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित नारी शक्ति स्वच्छता दौड़ में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाएं, छात्राएं, महिला स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता सखियों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नगर पंचायत परिसर से हुई। स्वच्छता दौड़ नटराज चौक, बॉम्बे मार्केट और थाना चौक होते हुए मध्यनगरी चौक तक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों, महिलाओं, सहित नागरिकों ने मार्ग में पड़े कचरे का संग्रह किया और स्वच्छता का संदेश दिया। महिलाओं ने मार्ग में चिन्हित स्थानों पर सफाई कर कचरा एकत्रित किया तथा दुकानदारों और नागरिकों से प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने और डस्टबिन का उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता से जुड़े कार्यों में सक्रिय महिला स्वच्छता कर्मियों, स्वच्छता सखियों तथा प्लास्टिक

## कचरा पृथक्करण को लेकर लोगों को किया जागरूक, स्टॉल के माध्यम से दी जानकारी




शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प दिलाते कलेक्टर।

मुक्त पहल अपनाने वाले दुकानदारों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए डेमो स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को घर से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने के बारे में जानकारी भी दी गई। साथ ही शिवरीनारायण में नागरिकों की सुविधा के लिए स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर 9340236903 जारी किया गया है। अब नागरिक कचरा उठाव, गंदगी, नाली जाम या अन्य स्वच्छता संबंधी समस्याओं की जानकारी इस नंबर पर देकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि नारी शक्ति अपनी मेहनत के बल पर सम्मान प्राप्त करती है। आज समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिवरीनारायण जैसे पवित्र और धार्मिक महत्व वाले नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श स्थान दिलाना हमारा सामूहिक लक्ष्य होना चाहिए। स्वच्छता से बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकती। हम सभी को मिलकर स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह हम अपने घर को साफ-सुथरा रखते हैं, उसी तरह अपने शहर को भी स्वच्छ बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। नगर पालिका द्वारा इस कचरे का नियमित रूप से संग्रहण कर उसका उचित निस्तारण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों, गलियों और घाटों पर कचरा न फैलाया जाए। उन्होंने सफाई कर्मियों को "स्वच्छता सैनिक" की संज्ञा देते हुए कहा कि समाज में उनके योगदान का सम्मान होना चाहिए। जब वे घर-घर कचरा लेने आएं तो नागरिक उनका सम्मान करें और उन्हें धन्यवाद दें। उन्होंने नागरिकों से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता हम सभी नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें तो शिवरीनारायण को स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है। इस इस दौरान पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छताकर्मी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।



## फूड प्वाइजनिंग से प्रभावित मरीजों का सीएचसी में चल रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

- एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल, डॉक्टरों को समुचित इलाज करने दिए निर्देश

गर्मी के मौसम आते ही अब सार्वजनिक जगहों में फूड प्वाइजनिंग का केस मिलना शुरू हो गया है। ताजा मामले में मस्तुरी विकासखंड के ग्राम मुकुंदपुर में पैकरा परिवार में आयोजित विवाह समारोह में रविवार की सुबह का खाना खाने से करीब 31 लोग बीमार हो गए जिसमें से 22 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तुरी में एवं 9 लोगों को स्वर्गीय बहोरिक लाल सूर्यवंशी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ में भर्ती किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

बताते चलें कि शनिवार से ग्राम मुकुंदपुर के पैकरा परिवार में विवाह प्रारंभ हुआ है, जिसमें पूरे आसपास के उनके रिश्तेदार मेहमान आए हुए थे। रविवार के सुबह खाने में उन्हें सब्जी और खाना परोसा गया था, जिसे खाने से घर में आए अधिकतर मेहमान को खाने के बाद बेचैनी होने लगी। कुछ लोगों को उल्टियां भी हुई। आनन फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। पामगढ़ में नौ लोगों के एडमिट होने की सूचना पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजकुमार तंबोली अस्पताल पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति का जायजा लिया उपस्थित डॉक्टर की टीम को उन्होंने इलाज के साथ साथ आवश्यक संसाधन के साथ समुचित इलाज करने के निर्देश दिए। वर्तमान में सभी की स्थिति सामान्य बनी हुई है। पीड़ित मरीजों में देविका कंवर 11 वर्ष, रोशनी पैकरा 14 वर्ष सोनबाई कंवर 40 वर्ष मुकेश कंवर 19 वर्ष, अनिकेत कंवर 11 वर्ष, सेवती पैकरा 19 वर्ष, मून कंवर 57 वर्ष, मांशु 9 वर्ष और ओमप्रकाश 16 वर्ष शामिल है। इस अवसर पर बीएमओ डॉक्टर रश्मि डाहीरे एवं उनकी पूरी टीम के साथ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज रात्रे, सामाजिक कार्यकर्ता लव तिवारी दिनेश थवाईत, सुखसागर ओगरे, के साथ मरीज के परिजन उपस्थित थे।

## रवि पांडेय के प्रयास से अप्लास्टिक एनीमिया बिमारी इलाज के लिए मिले 12.50 लाख रुपए

**जांजगीर-चांपा।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता एवं समाजसेवी इंजीनियर रवि पाण्डेय के प्रयासो से जांजगीर के 24 वर्षीय अमित राठौर के अप्लास्टिक एनीमिया नामक बिमारी के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 12.50 लाख



रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। राशि स्वीकृति पश्चात अमित राठौर का रायपुर स्थित संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल रायपुर मे ईलाज शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि अमित राठौर अपनी माँ पुष्पलता राठौर के साथ आई.बी. रेस्ट हाऊस नहर पार जांजगीर मे निवास करता है। पिता की मृत्यु के पश्चात आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रही फिर भी वो अपने संबंधियों के निजि व्यापार मे काम करके जीवन यापन कर रहा था। उसी बीच उसकी तबीयत खराब होने से चेक अप से पता चला कि उसे अप्लास्टिक एनीमिया नामक गंभीर बीमारी है जिसका इलाज बोन मेरू ट्रांसप्लांट से संभव है। परंतु जिसका ट्रांसप्लाट के लिए मेचिंग नही मिलता उसका एटीजी इंजेक्शन के बीमारी का इलाज संभव है। हॉस्पिटल में इलाज की खर्च की राशि का इस्टीमेट से उनकी मां बहुत चिंतित हो गयी। वो समाजसेवी इंजी. रवि पाण्डेय से उनके जनसंपर्क कार्यालय मे मिलकर अपनी आवश्यकता की चर्चा की। इंजी. पाण्डेय ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत राशि प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से निवेदन किया और विधिवत प्रक्रिया पूर्ण होते तक राठौर परिवार की मदद किया। इस बीच अमित की तबियत खराब होने से उसे तुरंत संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल मे भर्ती होना पड़ा। इंजी. पाण्डेय हॉस्पिटल जाकर अमित से मुलाकात कर नया रायपुर स्थित आयुष्मान भारत कार्यालय जाकर प्रक्रिया की गति को बढ़ाने आग्रह किया। अंततः अप्लास्टिक एनीमिया बिमारी के इलाज के लिए मुख्यमंत्री जी ने 12.50 लाख की राशि की स्वीकृति प्रदान की। अमित की मां ने दूरभाष से इंजी. रवि पाण्डेय को जानकारी दी कि उनके बेटे का इलाज भी शुरू हो गया है।

## ग्लूकोमा बीमारी से बचाव के लिए प्रतिवर्ष आंखों की कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

शासकीय नवीन कॉलेज महाविद्यालय नवागढ़ में ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एग्जिट होना विषय पर एक जन-जागरूकता

- शासकीय नवीन कॉलेज में जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अनिता श्रीवास्तव एवं अंध्त्व नियंत्रण एवं अल्प दृष्टि कार्यक्रम के नोडल डॉक्टर पुष्पेंद्र लहरे और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर खन्ना सर के दिशा निर्देश पर शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ बी.के. पटेल के सहयोग से हुआ।

इस अवसर पर सहायक नेत्र चिकित्सा अधिकारी रामगोपाल आदिले ने कहा कि ग्लूकोमा या कांचबिंद आंखों की ऐसी अवस्था है



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

जहां नेत्र गोलक के भीतर का दबाव (इंट्राऑकुलर प्रेशर) बढ़ा हुआ मिलता है। आंखों के भीतर लगातार एक्वस हूमर नामक द्रव प्रवाहित होता है जो आंख की आकृति बनाए रखने के साथ साथ नेत्र के भीतर अवयवों को पोषण प्रदान करता है यह द्रव जिस अनुपात में स्त्रावित होता है उसी अनुपात में आंखों से शरीर में मिलते रहता है किसी कारण से यदि इस द्रव के बाहर निकलने का रास्ता अवरोध हो जाए तो आंखों का भीतर का दबाव बढ़ने के कारण ग्लूकोमा नामक बीमारी उत्पन्न होता है जिसके कारण आंखों के पर्दे का नस पर दबाव बढ़ने से संवेदनहीन हो जाता है और व्यक्ति की आंखें हमेशा के लिए दृष्टिहीन हो जाता है। इस प्रकार के बीमारी में सामान्य लक्षण शुरुआत में पता नही चलता इसलिए प्रतिवर्ष अपनी आंखों की जांच अवश्य कराने चाहिए।सिनियर नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी वाय. एस. राठौर ने ग्लूकोमा बीमारी के लक्षण पर जोर देते हुए कहा कि यदि 40 साल के बाद पास के पढ़ने वाले चश्मा के नंबर यदि जल्दी-जल्दी बदल रहा है तो ग्लूकोमा होने की संभावना हो सकता है, और यदि दृष्टि का दायरा कम हो रहा है तो भी ग्लूकोमा की बीमारी हो सकता है। नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी आलोक दुबे सिविल अस्पताल जांजगीर ने कहा कि जिनका डार्क एडॉप्शन टाइम यदि बढ़ गया है उजाले से अंधेरे में जाने पर आंखों को अंधेरे का अभ्यास होने से यदि ज्यादा समय लगता है तो ऐसे लक्षण महसूस होने पर तत्काल नेत्र विशेषज्ञ से अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए। इस अवसर पंचराम कंवर सिवनी, एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर नरेंद्र गिरी, प्रोफेसर डॉक्टर आलोक एचओडी जूलाजी का सराहनी योगदान रहा। जागरुकता कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रो.डॉ आलोक ने किया। कार्यक्रम में 150 विद्यार्थी शामिल हुए।

## अक्षय तृतीय पर होगा सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 20 अप्रैल को सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जाएगा। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 20 अप्रैल को बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला जांजगीर में आयोजित किया जाएगा।

ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्यों की मासिक बैठक वरिष्ठ सदस्य सीता पाण्डेय के निवास स्थान में आयोजित की गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि विगत 13 वर्षों से ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच द्वारा उपनयन संस्कार के साथ साथ अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम किये जा रहे है। उपनयन संस्कार में बटुकों को सफेद एवं लाल धोती, गमछा, टोपी, पूजन सामग्री, नाश्ता एवं भोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। 10 बटुकों का पंजीयन किया जा चुका है और पंजीयन की प्रक्रिया अभी प्रारम्भ है। पंजीयन करवाने हेतु ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्य नीरा शर्मा, सीता पाण्डेय, जयंती दुबे, बीना दुबे, अनुराधा शुक्ला, आशा दुबे, नीलू शर्मा, किरण पाण्डेय, नम्रता शर्मा से संपर्क कर पंजीयन करवा सकते है। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्यों ने स्वर्गीय



बैठक में उपस्थित महिलाएं।

जगदीश मिश्रा एवं स्वर्गीय रजनी शर्मा (निवासरत शिवरीनारायण) को श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर वीना शर्मा, जयश्री शर्मा, सीता पाण्डेय, जयंती दुबे, नीलू पांडेय, गीता मिश्रा,, आशा दुबे, निशा मिश्रा, अलका शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, किरण पाण्डेय, नीलू शर्मा, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला, डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, प्रियंवदा पाण्डेय, प्राची पाण्डेय, विद्योत्तमा गौरहा, शालिनी शर्मा, जूही गौरहा आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया की फाग गीत नें बांधा समा, नगाड़ा की थाप पर झूमें कार्यकर्ता

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के निवास में शनिवार को होली मिलन का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें नगर सहित आसपास के गावों के सैंकड़ो लोग शामिल हुए। विधायक श्री सिंह ने मिलन समारोह में आए जनप्रतिनिधियों, नगर के प्रबुद्धजन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों का रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनायें दी। साथ ही समारोह में उपस्थित लोगों ने भी एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर एक दूसरे को बधाई और शुभकामनायें दी एवं वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिया। होली मिलन समारोह में जांजगीर विधायक श्री ब्यास कश्यप, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, चाम्पा के पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, लक्ष्मण मुकीम, सुशांत सिंह, रवि सिसोदिया, पूर्णेंद्र सिंह राणा, इमरान खान, दिवाकर राणा, खुलन सोनवानी, भविष्य चंद्राकर, जीतेन्द्र वर्मा, महेशवर टंडन, नवल सिंह, चिंताराम राठौर, अजित सिंह राणा, सहित नगर के क्रेसर संघ, राइस मिलर्स संघ, सरपंच संघ, प्रेस क्लब, विभिन्न सामाजिक एवं कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुवे।



एक-दूसरे को गुलाल लगाते विधायक व अन्य।

श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही गणगौर पूजा

## सुख, समृद्धि की कामना के महिलाएं शिव और पार्वती की कर रही अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर में मारवाड़ी समाज में गणगौर पर्व की शुरुआत हो गई है। यह पारंपरिक उत्सव 16 दिनों तक चलता है, जिसमें महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा कर सुख, समृद्धि और सौभाग्य की कामना करती हैं। इस पर्व में सुहागिन महिलाएं और कुंवारी लड़कियां माता गौरा (पार्वती) और भगवान शिव की पूजा करती हैं. वे अपने वैवाहिक सुख, परिवार की खुशहाली और अच्छे जीवनसाथी की कामना करती हैं।

गणगौर का त्योहार होली के अगले दिन से शुरू होकर 16 दिनों तक चलता है। इस दौरान महिलाएं रोज माता गौरी और भगवान शिव की पूजा करती हैं। मुख्य पूजा चैत्र शुक्ल तृतीया के दिन होती है और उसके बाद ईसर-गौरा



पूजा अर्चना करती महिलाएं।

(शिव-पार्वती) की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। गणगौर का त्योहार खास तौर पर राजस्थान और मारवाड़ी समाज में बहुत उत्साह से मनाया जाता है। नई शादीशुदा महिलाओं के लिए यह पर्व और भी खास होता है। गणगौर पर्व के अवसर पर सुबह से ही घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया है। महिलाओं के द्वारा विधि-विधान के साथ माता गौरी और भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया जा रहा है। सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर व्रत रखकर और पारंपरिक गीत गाते हुए माता गौरी की आराधना कर रही हैं। वहीं अविवाहित युवतियां भी अच्छे वर की कामना से श्रद्धा पूर्वक पूजा कर रही है। पूजा के दौरान महिलाओं के द्वारा पारंपरिक परिधान धारण कर गणगौर के लोकगीत गाए जा रहे हैं। गणगौर पर्व भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है। इस दिन माता पार्वती की पूजा कर महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। नगर में नव विवाहिता श्रेया लिखमानिया, आशिका अग्रवाल सहित कु. मिल्कि, कु. वंशिका, ममता लिखमानिया, आरती, सरला, प्रिया, पारुल के द्वारा गणगौर पूजन किया जा रहा है।

